**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, चेन्नै संभाग , मदुरै मंडल**

**सत्र समाप्ति परीक्षा 2017-18(मॉडल पेपर)**

**विषय: हिन्दी** **समय:2 ½ घंटा** **पूर्णांक:80**

**नाम:________________________________** **कक्षा:5 वर्ग:_____** **अनुक्रमांक.________**

**निर्देश को ध्यान से पढ़ें |**

**क-सभी प्रश्न अनिवार्य है ।**

**ख-कुल 5 भाग और 62 प्रश्न है ।**

**ग-भाग क में 20 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।**

**घ-भाग ख में 10 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है ।**

**ड़-भाग ग मे 15 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।**

**च- भाग घ मे 15 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।**

**छ-भाग ड़ में 2 प्रश्न है प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है ।**

## भाग क

अ) गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10 x 1 =10 M

“उसके लिए आगे निकल भागने का रास्ता नहीं था । अगर वह सड़क से जाता तो शिकारी को साफ़ दिखाई डे जाता । इसलिए उसने खेतों के छोटे रास्ते से जाना तय किया । खेतों से आगे के रास्ते में काँटेदार झाड़ियाँ थीं । वह उसी रास्ते पर घुटनों के बाल चलने लगा । बहुत संभलकर चलने पर भी उसके हाथ-पाँव पर काँटों की बहुत-सी खरोचें उभर आईं । खरोचों से खून भी निकलने लगा । उसकी कमीज़ की एक आस्तीन भी फट गई । वह जनता था कि कमीज़ फटने पर उसे माँ से डांट खानी पड़ेगी । पर बिशन को इस बात का संतोष था कि वह अब तक तीतर की जान बचने में कामयाब रहा । झाड़ी से बाहर आकर वह सोचने लगा कि कैसे पहाड़ी के कोने- से फिसलकर नीचे पहुँचा जाये, लेकिन उस कोने में घास बहुत ज्यादा थी और ओस के कारण फिसलन भी । बिशन थककर वहीँ एक किनारे बैठ गया । अभी वह बैठा ही था की उसे पाँवों की आहट सुने दी”।

1) “वह सड़क से जाता तो शिकारी साफ़ दिखाई दे जाता”। यहाँ वह किसके लिए प्रयोग किया गया है ?

2) खेतों से आगे के रास्ते में झाड़ियाँ कैसी थीं ?

3) बिशन को किस बात का संतोष था ?

4) बिशन ने कौन-से रास्ते से जाना तय किया?

5) पहाड़ी के कोने में फिसलन क्यों थी?

6) शब्दार्थ बताओ । आहट:- __________

7) रिक्त स्थान भरो । “वह जानता था की कमीज़ फटने पर उसे माँ से __________कहानी पड़ेगी “ ।

8) निम्नलिखित शब्द से वाक्य बनाओ ।

कमीज़

9) यह गद्यांश किस पाठ से लिया गया है ?

10) चित्र देखकर गद्यांश में से नाम लिखो ।

ब) नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिये : 10 x 1= 10 M

"उन दिनों स्वामी विवेकानंद अमरीका के भ्रमण पर थे। एक दिन वे भ्रमण एवं भाषणों से थके हुए अपने निवास स्थान पर लौटे। वे अमेरिका में एक महिला के अतिथि थे। वे अपना भोजन स्वयं बनाते थे। वे भोजन बनाकर खाने की तैयारी में थे कि कुछ बच्चे पास आकर खड़े हो गए। उनके पास बच्चों का आना-जाना लगा ही रहता था। बच्चे भूखे थे। स्वामीजी ने अपनी सारी रोटियां एक-एक कर बच्चों में बांट दी। बच्चे मजे से खाने लगे। महिला वहीं बैठी सब देख रही थी। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ। आखिर उससे रहा नहीं गया और उसने स्वामीजी से पूछ ही लिया, 'आपने सारी रोटियां इन बच्चों को खिला दीं, अब आप क्या खाएंगे?'

स्वामीजी प्रसन्न-भाव से कहा, "माँ, रोटी तो पेट की ज्वाला शांत करने वाली वस्तु है। इस पेट में न सही, उस पेट में ही सही! मगर देने का आनंद पाने के आनंद से बहुत बड़ा होता है।" महिला उनका उत्तर सुन भाव-विभोर हो गई।

11) स्वामी विवेकानंद जी कहाँ के भ्रमण पर थे ?

12) अमरीका में वे किसके अतिथि थे ?

13) स्वामी जी का भोजन कौन बनाता था ?

14) स्वामी जी के पास कोजं आ गए ?

15) स्वामी जी ने अपनी रोटियाँ किसमे बाँट दी ?

16) महिला ने स्वामी जी से क्या पूछा ?

17) महिला स्वामी जी का उत्तर सुनकर क्या हो गई ?

18) स्वामी जी ने महिला को क्या उत्तर दिया था ?

19) "भ्रमण" शब्द से वाक्य बनाओ ।

20) गद्यांश में किस शब्द का अर्थ "खुशी" है ?

भाग ख- लेखन

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10 x 2=M

21) उ बा तुन कौन थे? वे कोको के घर क्यों आये थे ?

22) दादी ने स्वामीनाथन को उसके दादा जी के बारे में क्या बताया ? अपने शब्दों में लिखो ।

23) कोको के माता-पिता कहाँ गए थे?

24) धरती को गुल्लक क्यों कहा गया है ?

25) जवाहरलाल और उनके साथियों को सांस लेने में दिक्कत क्यों होने लगी ?

26) अँधेर नगरी की प्रजा राजा के मरने पर खुश क्यों हुई ?

27) “बाघ आया उस रात” कविता में बच्चे ने बाघ को कब और कहाँ देखा था ?

28) “ छोटी सी हमारी नदी” कविता में बच्चे नदी के किनारे क्या क्या करते हैं ?

29) अन्ना ने क्या सोचकर आरिफ़ की बात मान ली ?

30) ग्वालिन ने नगर के बारे में क्या-क्या बताया ?

भाग ग - व्याकरण 15 x 1 = 15M

31) चित्र जोड़कर शब्द लिखो ।

32) लिंग बदलो । क- माता ख-मुर्गा

33) वचन बदलो । क- रोटी ख- चटाई

34) विलोम शब्द लिखो । क- इधर ख-रात

35) “जग” शब्द के दो अलग अलग अर्थ लिखो ।

36) विशेषण शब्द को छाँटकर लिखो ।

क- इतनी भारी साड़ी क्यों पहनी ?

ख- आज मीठे चावल पकाओ ।

37) कोष्ठक( ) में दिए गए शब्दों के उचित रूप से रिक्त स्थान भरो ।

क- स्वामीनाथन बोला “_______पिता पुलिस अधीक्षक हैं” । ( वह )

ख- मैंने वह ______बुआ को दिया । (तुम )

38) “आरिफ ने आँखे निकालकर उन्हें धमकाया” । वाक्य में से मुहावरा छांटो और अर्थ लिखो ।

39) पर्यायवाची शब्द लिखो । क- सूरज ख- समुद्र

40) तुक वाले शब्द लिखो । क- चेला ख- नगरी

41) अनुस्वार शब्द छाँटकर लिखो ।

मगर मंत्री था इतना दुबला दिखाता ,थी अंधेर नगरी , था अनबूझ राजा

42) अनुनासिक शब्द छाँटकर लिखो ।

गँदले जल में घिरनी-भँवरी भँवराती है चंचल ।

43) सर्वनाम शब्दों को छांट कर लिखो ।

उसके पिता पुलिस अधीक्षक हैं ।

तुम बेकार की पुरानी कहानियाँ सुनाती रहती हो ।

44) काम वाले शब्द छाँटकर लिखो ।

आरिफ के साथ भाई जान मेज का तबला बजा रहे थे ।

आपा ने कहर-भरी नजरों से घूरा ।

45) नाम वाले शब्द छांटो ।

क- घूमना ,तिन सू ,खटखटाना ख- नीनी, जल्दी- जल्दी , पढना

भाग घ- वर्तनी 15 X 1 = 15 M

चित्र देखकर शब्द लिखो ।





46 ____________________ 47_______________ 48____________________

निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखो ।

49 भूख्कड़ -________ 50 नाशता ________ 51 चारदीवारि________

उचित मात्र लगाओ ।

52 अनबझ 53 चक्रवत 54 कतली

अक्षरों को सही क्रम में लगाकर उचित शब्द बनाओ |

55 धि अ क क्ष -_______ 56 मु हा र्ख म-_______ 57 ल मा ही य-__________

सही अक्षर भरो ।

58 कोल__ता 59 बर___त 60 कीटना__क

भाग ड-

61) चित्र देखकर अपने शब्दों में वर्णन करो ।



62) अपने कक्षा अध्यापक को दो दिन की छुट्टी लेने हेतु पत्र लिखो ।